# कलेक्ट्रेट में अनियमितताओं का बोलबाला जनता परेशान, व्यवस्था पर सवालिया निशान

**सतना।** कलेक्ट्रेट,जो जिले के प्रशासनिक केंद्र के रूप में कार्य करता है,इन दिनों विभिन्न शाखाओं में व्याप्त अनियमितताओं और अव्यवस्था के कारण सुर्खियों में है। नागरिकों को अपने दैनिक कार्यों के लिए भटकना पड़ रहा है,वहीं कलेक्ट्रेट की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। हालत यह है कि बड़े पैमाने पर लोग अपनी-अपनी समस्या लेकर कलेक्ट्रेट में मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में पहुंच रहे हैं। प्राप्त जानकारी और जन शिकायतों के अनुसार,कई शाखाओं में व्याप्त अनियमितताएं आमजन के लिए परेशानी का सबब बन गई हैं।

### राजस्व शाखा में गड़बड़ी और विलंब

राजस्व शाखा,जो नामांतरण,बँटवारा और राजस्व रिकॉर्ड से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य देखती है,में सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। आवेदनों पर अनावश्यक विलंब,फाइलों का लापता होना और कर्मचारियों द्वारा टालमटोल रवैया अपनाना आम बात हो गई है।कई मामलों में,नियत समय-सीमा के भीतर भी कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहे हैं,जिससे किसानों और भूमि मालिकों को भारी आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार,कुछ मामलों में अनियमित तरीके से प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के आरोप भी सामने आए हैं,जिनकी जांच आवश्यक है।

### लोक सेवा गारंटी केंद्र की बदहाली

सरकार द्वारा नागरिकों को समय-सीमा में सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित




लोक सेवा गारंटी केंद्र भी सतना कलेक्ट्रेट में अपनी प्रासंगिकता खोता जा रहा है। यहाँ भी आवेदनों को जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है,और समय पर प्रमाण पत्र या अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं मिल पा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन के बावजूद,मैन्युअल सत्यापन और अनावश्यक दस्तावेजीकरण की मांग की जा रही है, जिससे आवेदकों को बार-बार कलेक्ट्रेट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### नजूल और भू-अभिलेख शाखा में मनमानी

नजूल और भू-अभिलेख शाखा में भी अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं। भूमि संबंधी अभिलेखों में त्रुटियां,नक्शों में विसंगतियां और आवेदनों पर धीमी गति से कार्रवाई के कारण नागरिक परेशान हैं। अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों पर भी प्रभावी कार्रवाई न होने से भू-माफियाओं के हौसले बुलंद होते दिख रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन न करने और व्यक्तिगत मनमानी के आरोप भी लग रहे हैं।

### सामान्य प्रशासन और आवक-जावक शाखा में ढिलाई

सामान्य प्रशासन और आवक-जावक शाखाओं में भी कार्यप्रणाली में ढिलाई देखने को मिल रही है। महत्वपूर्ण दस्तावेजों के रखरखाव में लापरवाही,फाइलों का गुम होना और कर्मचारियों के समय पर कार्यालय में उपस्थित न होने की शिकायतें आम हैं। इससे कलेक्ट्रेट की समग्र कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है और जनता को समय पर जानकारी या सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। इन अनियमितताओं के कारण सतना की आम जनता में भारी आक्रोश है। नागरिकों का कहना है कि वे कलेक्ट्रेट में अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी रिश्वत और सिफारिश के जाल में फंसने को मजबूर हैं। जिला प्रशासन को इन अनियमितताओं पर तत्काल संज्ञान लेना चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि कलेक्ट्रेट की गरिमा और जनता का विश्वास बहाल हो सके।

## खबर संक्षेप

### प्रेम लाल कुर्वे होंगे एडिशनल एसपी देहात



**सतना।** शुक्रवार को प्रेमलाल कुर्वे ने एडिशनल एसपी देहात का पद ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक देविका सिंह द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।कार्यभार ग्रहण करते समय उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं स्टाफ ने एएसपी का अभिनंदन किया और उनके नेतृत्व में जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाए जाने की आशा व्यक्त की। कुर्वे 2006 बैच के अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे झाबुआ में एडिशनल एसपी के पद पर पदस्थ थे,जहाँ से स्थानांतरित होकर सतना आए हैं। इसके अतिरिक्त वे श्योपुर एवं सागर बीना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,सागर एवं होशंगाबाद में अजाक पुलिस अधीक्षक, मंडला, देवसर (सिंगरौली),व्यौहारी (शहडोल) में एसडीओपी तथा सतना में प्रोविजन पीरियड के दौरान भी सेवाएं दे चुके हैं। अपने व्यापक अनुभव और गतिशील कार्यशैली के लिए जाने जाने वाले श्री कुर्वे के नेतृत्व में सतना जिले की पुलिस व्यवस्था को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

### फायरिंग और मारपीट का फरार आरोपी बेटू उर्फ चंद्रप्रकाश मिश्रा गिरफ्तार

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने कैलाश पयासी की दुकान पर जानलेवा फायरिंग और मारपीट के फरार आरोपी बेटू उर्फ चंद्रप्रकाश मिश्रा 18 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 1 जुलाई को महदेवा रोड धवारी में हुई थी,जिसमें दीपू उर्मलिया,शुभम पंडित और अन्य ने विवेक प्रताप सिंह,प्रशांत चौधरी,नीरज तिवारी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर रॉड व डंडे से हमला किया था। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के मार्गदर्शन में गठित टीमों ने कार्रवाई करते हुए पहले ही जतिन तिवारी,अंशुमान सिंह उर्फ अंशू कछवाह और धीरू उर्फ धीरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साइबर सेल और मुखबिर तंत्र की मदद से,शुक्रवार को बेटू उर्फ चंद्रप्रकाश मिश्रा को साईं कॉलोनी, जवाहर नगर से गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल भी जब्त की है। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

**मैहर।** मैहर में मां शारदा देवी मंदिर के पुजारी पवन पांडे,जिन्हें दाऊ सरकार के नाम से भी जाना जाता है,के दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु सत्संग भवन पहुंचे। इसके साथ ही, श्रद्धालुओं ने मां शारदा देवी मंदिर के प्रधान पुजारी ब्रह्मलीन श्री श्री 108 श्री देवी प्रसाद महाराज के समाधि स्थल पर पहुंचकर गुरु महाराज का स्मरण किया और पूजा-अर्चना की। सत्संग भवन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु सुबह से शाम तक गुरु महाराज का आशीर्वाद लेने के लिए कतार में लगे रहे,जहां उनके लिए नियमित भंडारे और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर पवन पांडे दाऊ सरकार द्वारा स्वामी जी महाराज की शिष्य मंडली और वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया गया।पवन पांडे ने कहा कि गुरु महाराज के आशीर्वाद और कृपा से सालों से श्रद्धालु उनके दर्शन के लिए यहां आते हैं।

## नायब तहसीलदार पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश करने वाला इनामी आरोपी इटारसी से गिरफ्तार

**मैहर।** पुलिस ने नायब तहसीलदार पर रेत से लदा ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास कर हत्या की कोशिश करने वाले 5000 के इनामी मुख्य आरोपी रावेन्द्र बैस उर्फ नेपाली को इटारसी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किए गए ट्रैक्टर और ट्रॉली को भी जब्त कर लिया है। मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर थाना प्रभारी रामनगर,निरीक्षक विजय सिंह परस्ते के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। यह घटना 4 जुलाई को हुई थी,जब प्रभारी नायब तहसीलदार रोशनलाल कोल अपनी टीम के साथ ग्राम कुबरी में एक रास्ते के विवाद का निरीक्षण करने जा रहे थे। रास्ते में एक बिना नंबर का नीले रंग का सोनालिका ट्रैक्टर,जिसमें रेत भरी थी,नायब तहसीलदार के वाहन के आगे-आगे चल रहा था। नायब तहसीलदार की गाड़ी देखते ही ट्रैक्टर चालक ने गति बढ़ा दी। आगे एक बोलेरो वाहन आने से ट्रैक्टर रुका। ट्रैक्टर को एक नाबालिग चला रहा था,जो लोगों को देखकर भाग गया। इसके बाद उसका पिता रावेन्द्र बैस उर्फ नेपाली मौके पर आया और जानबूझकर तेज और लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए नायब तहसीलदार और उनके स्टाफ को कुचलने का प्रयास किया।इस घटना के बाद,थाना रामनगर में आरोपी ट्रैक्टर चालक और उसके बेटे के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने,नायब तहसीलदार,उनके स्टाफ और ग्रामीणों को जान से मारने की कोशिश करने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं सहित मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया और उस पर 5000 का इनाम भी घोषित किया। पुलिस टीम ने साइबर सेल और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी रावेन्द्र बैस उर्फ नेपाली (उम्र 40 साल,निवासी मझटोलवा,थाना रामनगर) को इटारसी रेलवे स्टेशन से पकड़ा। पूछताछ के बाद,उसे गिरफ्तार कर लिया गया और घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर व ट्रॉली जब्त कर ली गईं। आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। निरीक्षक विजय सिंह परस्ते सहित पुलिस टीम के कई सदस्यों ने आरोपी की गिरफ्तारी में सराहनीय भूमिका निभाई।

## शराब की अवैध बिक्री पर नकेल कसने में पुलिस नाकाम, जिम्मेदार कौन?

**सतना।** जिले में शराब की अवैध बिक्री का धंधा लगातार फल-फूल रहा है,जिससे न केवल राजस्व का नुकसान हो रहा है,बल्कि समाज में भी अशांति फैल रही है। स्थानीय निवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस और आबकारी विभाग इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रहे हैं। शहर के कई इलाकों में,जिनमें बस स्टैंड के आसपास के क्षेत्र, रेलवे स्टेशन के करीब,और विभिन्न रिहायशी कॉलोनियां शामिल हैं,खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही है। सूत्रों के अनुसार,यह अवैध कारोबार छोटे पैमाने के ठेकेदारों से लेकर बड़े माफिया तक फैला हुआ है। गली-मोहल्लों में किराना दुकानों,पान की गुमठियों और यहां तक कि निजी घरों से भी शराब बेची जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि कई जगहों पर नकली और मिलावटी शराब भी बेची जा रही है,जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार पुलिस और आबकारी विभाग को इस संबंध में शिकायतें की हैं,लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका आरोप है कि अवैध शराब के धंधे में लिप्त लोगों को राजनीतिक संरक्षण भी




प्राप्त है,जिसके कारण उन पर कार्रवाई करने में अधिकारी कतराते हैं। एक सामाजिक कार्यकर्ता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया,पुलिस कभी-कभार छोटी-मोटी कार्रवाई करके खानापूर्ति कर देती है,लेकिन मुख्य सरगनाओं पर हाथ नहीं डालती।यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि कहीं न कहीं मिलीभगत है। इस अवैध कारोबार के कारण सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसके अलावा,अवैध शराब की उपलब्धता अपराधों में वृद्धि का एक प्रमुख कारण भी बन रही है,खासकर घरेलू हिंसा और सड़क दुर्घटनाओं में। इस गंभीर समस्या पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस और आबकारी विभाग को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने की तत्काल आवश्यकता है। उन्हें नियमित रूप से छापेमारी करनी चाहिए,अवैध शराब के ठिकानों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए,और इसमें शामिल बड़े खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही,आम जनता को भी इस अवैध धंधे के खिलाफ आवाज उठाने और प्रशासन का सहयोग करने के लिए आगे आना होगा,ताकि सतना को शराब के इस अवैध जाल से मुक्त किया जा सके।

# सावन के पहले दिन लगी बारिश की झड़ी, नदी-नालों का जल स्तर बढ़ा



**सतना।** सावन का महीना शुरू होते ही जिले में शुक्रवार सुबह से ही झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। सावन के पहले ही दिन हुई जोरदार बरसात ने पूरे इलाके को तरबतर कर दिया है,जिससे लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है।लगातार हो रही बारिश के चलते जिले की नदी-नालों का जल स्तर तेजी से बढ़ गया है। कई निचले इलाकों में पानी भर गया है,हालांकि अभी तक किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी-नालों के करीब न जाएं और सतर्क रहें। किसानों के चेहरों पर भी खुशी देखी जा रही है,क्योंकि यह बारिश खरीफ फसलों के लिए बेहद फायदेमंद मानी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार,अगले कुछ दिनों तक सतना और आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है।

### जनजीवन पर पड़ा प्रभाव

शहर और आसपास के इलाकों में हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। सुबह से शुरू हुई तेज बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में पानी भर गया,जिससे सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।सड़कों पर जलभराव के कारण यातायात बाधित हुआ और लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई दुकानों और घरों में भी पानी घुसने की खबरें हैं,जिससे लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। नगरनिगम की जल निकासी व्यवस्था की पोल खुल गई,क्योंकि कुछ ही घंटों की बारिश में पूरा शहर पानी-पानी हो गया।

### आती-जाती रही बिजली

बारिश के कारण बिजली आपूर्ति पर भी गंभीर असर पड़ा है। कई इलाकों में घंटों तक बिजली गुल रही जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बारिश के कारण कई जगहों पर तार टूटने और फॉल्ट आने की शिकायतें मिली हैं,जिनकी मरम्मत का काम जारी है। हालांकि,लगातार बारिश के कारण मरम्मत कार्य में भी बाधा आ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर साल बारिश में ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है,लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। सिमरिया चौक बस स्टैंड के एक दुकानदार ने बताया,हमारी दुकान में पानी भर गया है,जिससे काफी सामान खराब हो गया। हर साल यही हाल होता है,लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

### स्कूली बच्चे और मजदूर परेशान

बारिश के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित स्कूली बच्चे और दैनिक मजदूर हुए। कई स्कूलों में पानी भरने के कारण छुट्टी कर दी गई,वहीं मजदूरों को काम पर जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में भी भारी बारिश की आशंका जताई है,जिससे स्थिति और बिगड़ सकती है। जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

## सगमनियां लाइम स्टोन माइन्स को लगातार सातवीं बार फाइव स्टार रेटिंग अवॉर्ड

**सतना।** बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड की सगमनियां लाइम स्टोन माइन्स को वर्ष 2024-25 के लिए फाइव स्टार रेटिंग अवार्ड से नवाजा गया। भारतीय खान ब्यूरो (मिनिस्ट्री ऑफ माइन्स) के तत्वावधान में यह पुरस्कार विगत सात वर्षों से निरंतर उत्कृष्ठ कार्य हेतु दिया जा रहा है। यह पुरस्कार भारतीय खान ब्यूरो द्वारा एमसीडीआर 2017के नियमों के तहत एवं उसमें विदिर्निष्ठ मापदण्डो के गहन निरीक्षण के उपरांत प्रदान किया जाता है। इस तरह देश की कुल 95 माइन्स को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। सगमनियां माइन्स हमेशा से ही मिनरल कन्सर्वेशन, रिक्लेमेशन,प्लांटेशन एवं सीएसआर की गतिविधियों में उत्कृष्ठ कार्य करता रहा है। जयपुर (राजस्थान) में आयेजित भव्य समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी.किशन रेड्डी संजय



लोहिया केन्द्रीय अपर सचिव खान मंत्रालय,पियूष नारायण शर्मा मुख्य खान नियंत्रक (भारतीय खान ब्यरो) एवं टी. रविकान्त प्रधान सचिव (राजस्थान सरकार) एवं देश के सभी माइन्स के प्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति रही। बिरला कार्पोरेशन की सगमनियां माइन्स की तरफ से आर.के पुष्टि (सीएमओपी बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड),राजेश चौबे(हेड माइन्स),कुमार राजन(माइन्स मैनेजर) उपस्थित होकर केन्द्रीय मत्री जी.किशन रेड्डी के हाथों पुरस्कार ग्रहण किया। कौशल कुमार मिश्रा (यूनिट हेड) सतना सीमेन्ट वर्क्स ने स्टार रेटिंग अवार्ड मिलने पर पूरे टीम को बधाइ देते हुये उनके अविरत अच्छे कार्य की काफी सराहना की है।सगमनियां माइन्स को फाइव स्टार रेटिंग अवार्ड मिलने पर माइन्स के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही यह अवार्ड समूचे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

## चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में युवक डूबा, 9 घंटे से तलाश जारी

**सतना।** चित्रकूट में शुक्रवार सुबह एक युवक मंदाकिनी नदी में डूब गया। युवक उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले से गुरु पूर्णिमा के मौके पर गुरुद्वारों के दर्शन के लिए आया था।सुबह स्फटिक शिला के पास घाट पर उसके कपड़े और चप्पल मिले। घटना की सूचना पर चित्रकूट थाना प्रभारी डीआर शर्मा के नेतृत्व में एसडीईआरएफ और होमगार्ड की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। स्फटिक शिला से आरोग्यधाम तक करीब डेढ़ किलोमीटर क्षेत्र में



तलाश की जा चुकी है। गुरुवार देर रात हुई बारिश के बाद मंदाकिनी नदी का जलस्तर सामान्य से ज्यादा हो गया है। माना जा रहा है कि युवक का संतुलन बिगड़ा और वह तेज बहाव में बह गया।

### टीआई ने कहा- युवक की पहचान नहीं हुई

थाना प्रभारी डीआर शर्मा ने बताया कि नदी में जलस्तर सामान्य से अधिक है।बहाव तेज होने के कारण स्फटिक शिला और अन्य घाटों पर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस हाथरस जिले से आए लोगों से संपर्क कर रही है।

# मैहर में गुरु पूर्णिमा पर आयोजित हुई संगीत संध्या

**मैहर।** मां शारदे की धार्मिक नगरी और उस्ताद बाबा अलाउद्दीन खां की संगीत स्थली मैहर में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर शासकीय संगीत महाविद्यालय में एक भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश संस्कृति संचालनालय, भोपाल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैहर जिले के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मैहर कमलेश सुहाने,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष सोनी,जन भागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष राजललन मिश्र और प्राचार्या भारती सिंह राजपूत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन और पूजन-अर्चन के बाद संगीत संध्या की अनुपम प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ.लवली शर्मा ने सितार वादन की प्रस्तुति दी,वहीं भोपाल के मनोज पाटीदार ने एकल तबला वादन और सुधीर टेकाले ने लहरा संगत की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरु पूर्णिमा के इस पुनीत अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,प्राचार्या भारती राजपूत और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा सभी गुरुजनों को श्रीफल,शॉल,स्मृति चिन्ह और पुष्पमाला भेंटकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या भारती राजपूत ने स्वागत उद्बोधन दिया,जबकि मैहर विधायक ने गुरु पूर्णिमा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भक्ति काल की पहली पाठशाला गुरु की भक्ति है। उन्होंने कहा,ध्यान मूलं गुरु मूर्ति पूजा मूलं गुरु पद्म,मंत्र मूलं गुरु वाक्यम,मोक्ष मूलं गुरु वाक्यम,जिसका अर्थ है कि गुरु के ज्ञान में ही सृष्टि समाहित है।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर न्यायालय में 31 जुलाई तक प्रस्तुत करें आपत्ति

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा पन्ना में सर्वे नंबर 414/2, 414/3, 414/4, 422/2, 422/3 एवं 422/4 कुल किता 06 कुल रकवा 0.263 हे. भूमि पर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा, नगर तथा ग्राम निवेश से लेआउट स्वीकृति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बगैर तथा किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास व रेरा में पंजीयन कराए बिना छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर कॉलोनी का निर्माण पाए जाने पर इसे अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने की कार्रवाई प्रचलन में है। इसके लिए संबंधितजनों को आगामी 31 जुलाई तक कलेक्टर न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए सूचित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना, तहसीलदार पन्ना एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पन्ना के संयुक्त प्रतिवेदन अनुसार आगरा मोहल्ला निवासी अनावेदकगण वीरेन्द्र कुशवाहा, रज्जन कुशवाहा, किशोरी लाल कुशवाहा, श्यामसुंदर कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा एवं सोनू कुशवाहा द्वारा अनधिकृत कॉलोनी निर्मित की जा रही थी।

## मासिक सहायता राशि की 26वीं किश्त का वितरण आज

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार, 12 जुलाई को उज्जैन जिले के ग्राम पंचायत नलवा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को योजना की 26वीं किश्त की राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा लाडली बहनों को वर्तमान जुलाई माह की मासिक आर्थिक सहायता राशि वितरण के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को पेंशन राशि और पात्रताधारी बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग राशि का अंतरण भी किया जाएगा।

## आधार नामांकन की नई प्रक्रिया का प्रशिक्षण संपन्न

**पन्ना।** कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र से गत दिवस पन्ना जिले के समस्त आधार सुपरवाइजर एवं ऑपरेटर को प्रशिक्षक धीरज कुमार पाण्डेय द्वारा आधार एनरोलमेंट के नवीन सॉफ्टवेयर यूनिवर्सल क्लाइंट का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ऑपरेटर को नवीन एप्लीकेशन पर एनरोलमेंट की प्रक्रिया से अवगत कराया गया, जिसमें ऑपरेटर लेवल से होने वाली त्रुटियों का ऑनलाइन माध्यम से निराकरण के बारे में बताया गया। साथ ही एनआरआई और विदेशी नागरिकों के लिए प्रदत्त सीमित अवधि के आधार एनरोलमेंट सुविधा की जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण में आधार नामांकन और अद्यतन कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नामांकन कर्मियों को उपयोगी टूल्स से भी अवगत कराया गया। बताया गया कि पूर्व में प्रचलित एप्लीकेशन के स्थान पर यूनिवर्सल क्लाइंट एप्लीकेशन के द्वारा आधार कार्य को सरल बनाया गया है। इस दौरान आधार कार्य में लगे समस्त कर्मियों की शंकाओं का निराकरण भी किया गया।

## नदी में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत धनगौर के आश्रित ग्राम बहेरिया में एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला और स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए लेकिन शाम को जाने के चलते युवक का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार गुलाब पिता कौशल यादव उम्र 30 वर्ष निवासी बहेरिया थाना तेन्दूखेड़ा है जो कि ग्राम के पास से निकले केमरी नाले में डूबने से मौत हो गई है। गांव के लोगों ने बताया कि युवक घर से खेत जा रहा था तो कुछ लोगों ने बताया खेत से घर आ रहा था। लेकिन युवक की पानी में डूबने से मौत हुई है धनगौर बीट प्रभारी एएसआई गजराज सिंह ठाकुर ने बताया कि नदी में डूबने से युवक की मौत होने की सूचना मिली थी।

पुलिस में जाने के लिए कैसे मिलता है?

# 7वीं की छात्रा रंजना ने एडीशनल एसपी श्रीमती वंदना चौहान से किया सवाल

**पन्ना।**

बालिका छात्रावास कुंजवन में जहां बालिकाओं से रूबरू होने पहुंची एडीशनल एस.पी. बंदना सिंह चौहान जिन्होंने छात्राओं से मिलकर स्वयं छात्राओं से जानकारी तो हासिल की ही वहीं इस छात्रावास में जहां पारधी समाज की छोटी-छोटी बच्चिओं से भी हालात जाने। जिनके माता-पिता इन बच्चिओं को छात्रावास में शिक्षा दिलवा रहे है। स्वयं रोजीरोटी की तलास में परिवार के गुजारा करने को लेकर मजबूर रहते है। ऐसे परिवारों के बच्चे भले ही उनकी उम्र पांच या छः वर्ष होती है जो छात्रावास में रहकर प्रारंभिक शिक्षा से अपनी माध्यमिक शिक्षा तक ग्रहण करते है रहकर वहीं इस छात्रावास में पारधी समाज की बच्चियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए अन्य बच्चों के साथ मिलकर रहते हुए शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। एडीशनल एस.पी. बंदना सिंह चौहान से कक्षा 7वीं की छात्रा रंजना कुशवाहा ने पूंछा कैसे पुलिस में जाने के लिए अवसर मिलता है। जवाब में एडीशनल एस.पी. ने सभी बच्चों को समझाईस दी वहीं अन्य बच्चियों में पारधी समाज की एक बच्ची ने भी मिलकर अपने दादा जोकि जेल में किसी अपराध में बंद है उनके बारे में बताया बच्चों से मिलकर जहां अपर पुलिस अधीक्षक तथा थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना रोहित मिश्रा ने खुशियां जाहिर की साथ ही इन बच्चों को इसी अवसर पर पढ़ाई के लिए बालिका छात्रावास के द्वारा बैग भी अपर पुलिस अधीक्षक तथा थाना कोतवाली प्रभारी टीई रोहित मिश्रा के द्वारा प्रदान कराये गये। साथ ही बालिकाओं को पढ़लिखकर विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देने का कार्य अपर पुलिस अधीक्षक बंदना सिंह चौहान के द्वारा जो सीख दी गई वह कहीं न कहीं इन बालिकाओं में किसी ने भी अनुकरण तो भविष्य की मंजिल संभव हो सकती है। आपके द्वारा लक्ष्य के साथ बच्चों को पढ़ाई करके आगे बढ़ने की जरूरत बताई गई। वर्तमान समय में विभिन्न क्षेत्रों में जो आयाम तय करने के लिए कक्षा 10वीं से ही बच्चों को ज्ञात होना चाहिए आखिर क्या बनना है कैसे बनना है जिसको लेकर लक्ष्य के साथ तैयारी पर जोर दिया। जिसके लिए इन्हे बताने की समझाई दी। कांसिलिंग की जरूरत मानी जा रही है। निश्चितौर पर खेलों के क्षेत्र में पारधी समाज की बालिकाओं का रूझान अलग ही जो रहता है इसको लेकर भी आपसे छात्रावास प्रबंधन के द्वारा चर्चा की गई जहां खेल प्रशिक्षक नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से संभव हो तो सायद इन बालिकाओं का भविष्य खेलों के माध्यम से भी अलग ही मुकाम तय कर सकता है। वर्तमान समय में शिक्षा से ही समग्र विकास का मार्ग जो प्रशस्त होता है जहां इन बालिकाओं में इसी समय से लक्ष्य को लेकर आगे का मुकाम सफलता का तय करने के लिए जो आज प्रेरणा मिली वह महत्वपूर्ण मानी जा रही है।





# पवई हीरापुर में सरपंच सचिव के साथ घटना के विरोध में संयुक्त मोर्चा संघ ने जनपद सीईओ को दिया ज्ञापन

### तीन दिवस में कार्यवाही न होने पर धरने पर बैठने की दी चेतावनी

**पवई।**

सरपंच सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक संघ के संयुक्त मोर्चा के द्वारा ग्राम पंचायत हीरापुर में सरपंच सचिव एवं रोजगार सहायक के साथ हुई मार पीट और गाली गलौज के विरोध में शुक्रवार को जनपद कार्यालय पवई पहुंचकर पन्ना कलेक्टर के नाम पुनः मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए सत्येंद्र तिवारी पर करवाई की मांग की। कार्रवाई न होने पर उन्होंने जनपद पंचायत परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने की चेतावनी दी। बता दें कि बीते 24 जून को पवई जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हीरापुर में जनसुनवाई चल रही थी,जहां ग्राम के सत्येंद्र तिवारी पिता पुष्पेंद्र तिवारी आए तथा सरपंच सचिव एवं रोजगार सहायक के साथ मारपीट करते हुए गाली गलौज करने लगे,मना करने पर सहायक सचिव जीतेंद्र दुबे को घूंसा मारा,जिसमे सरपंच एवं रोजगार सहायक ने मौके पर बीच बचाव किया,इसके बाद सरपंच,सचिव एवं रोजगार सहायक ने 25 जून को पन्ना पहुंचकर जिला कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को शिकायती आवेदन देते हुए उक्त व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन 18 दिन बीत जाने के बाद कार्रवाई न होने पर सभी सरपंच,सचिव एवं रोजगार सहायकों में रोष व्याप्त है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी पवई अखिलेश उपाध्याय ने कहा कि उनके द्वारा भी वरिष्ठ अधिकारियों को घटना के संबंध में जानकारी दी गई है जिस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई,अगर तीन दिवस में कार्यवाही नहीं हुई तो वह भी अपने कर्मचारियों के साथ धरने पर बैठेंगे।



# श्री प्राणनाथ ग्रीन कॉरिडोर में लगाएं जा रहे हैं 5 से 6 फीट ऊंचे पौधे

**पन्ना।**

पन्ना नगर की छतरपुर-अजयगढ़ बाईपास लगभग 5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग में दोनों और पिछले वर्ष श्री 108 श्री प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के द्वारा दोनों तरफ लगभग 25 00 पौधों का रोपण कराया गया था, साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगवाए गए थे। इसके अलावा गर्मी में टैंकर की मदद से इन पौधों में पानी भी डलवाया गया था। परिणाम स्वरूप किए गए पौधरोपण में 80ः से अधिक पौधे जिंदा है और सरवाइव कर रहे हैं। जो पौधे किन्हीं कारण बस सूख गए है उन जगहों पर ट्रस्ट द्वारा नए पौधों का रोपण कराया जा रहा है। इस कार्य में उत्तर वन मंडल अंतर्गत विश्रमगंज रेंज के वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं वृक्ष मित्र आशीष शर्मा रीवा द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है।



### 5 से 6 फीट ऊंचे पौधे का किया जा रहा रोपण-

श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के सचिव राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष 3 से 4 फीट ऊंचे पौधों का रोपण किया गया था जो की काफी हद तक सफल रहा। लेकिन इस वर्ष उससे भी ऊंचे पौधों का रोपण किया जा रहा है ताकि बहुत ही जल्द श्री प्राणनाथ ग्रीन कॉरिडोर हरा भरा दिखाई देने लगे। इस वर्ष भी पौधारोपण में विश्रमगंज रेंज परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

# पवई बिजली उपभोक्ताओं की जेब पर स्मार्ट मीटरों ने डाला डांका



उपभोक्ताओं ने एसडीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**पवई।** पवई नगर में इन दिनों स्मार्ट मीटरों की गड़बड़ी से उपभोक्ता खासे परेशान हैं। स्मार्ट मीटर की वजह से आए बड़े बिलों से उपभोक्ताओं की जेब खाली कर रहे हैं। पहले जहा उपभोक्ताओं के दो सौ चार सौ रुपए में बिल आया करता था,वही अब बिल हजारों और कहीं-कहीं तो दस हजार से ऊपर तक मिल रहे हैं। इसी समस्या को लेकर शुक्रवार को नगर के दो दर्जन से अधिक उपभोक्ता तहसील कार्यालय पहुंचे और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) के नाम तहसीलदार त्रिलोक सिंह को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में उपभोक्ताओं ने बताया कि जब तक पुराने मीटर लगे थे, तब तक बिजली बिल सामान्य और वास्तविक खपत के अनुसार आया करते थे। उपभोक्ताओं ने बिजली बिल में सुधार और स्मार्ट मीटर के स्थान पर पुराने मीटर को लगाए जाने की मांग की है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक





**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर एवं समिति अध्यक्ष द्वारा द्वीप प्रज्जवलन के उपरांत बैठक प्रारंभ हुई। विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया ने हरित पौधा देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर शैक्षिक सत्र 2024-25 में विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत सीबीएसई परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा केन्द्रीय विद्यालय संगठन के राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों को पदक एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके अलावा भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों, राष्ट्रीय संस्कृत ओलंपिय डमें शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को भी उनकी उपलब्धियों के लिए कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों को मैजिक स्लेट प्रदान की गई। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव एवं प्राचार्य द्वारा बैठक के प्रारंभ में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों को प्रस्तुत किया गया और विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी साझा की गई। नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया। विद्यार्थियों की नामांकन स्थिति की चर्चा भी हुई। कलेक्टर ने स्वीकृत पद के विJ कार्यरत शिक्षकों की भी जानकारी ली। विद्यालय में पीएम श्री योजना के अंतर्गत बनकर तैयार हुए व्यवसायिक प्रयोगशाला के निर्माण के बारे में भी पूछा। प्राचार्य ने विद्यालय में पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण तथा समग्र विकास के लिए किए जाने वाले प्रयासों की भी जानकारी दी।

विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में विद्यार्थियों के हितों के दृष्टिगत अन्य कार्यों के प्रस्ताव रखे गए, जिनमें सभी कक्षाओं व विभागों में इंटरनेट सुविधा, विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त 16 सीसीटीवी कैमरे व सहायक उपकरण, कक्षाओं, विभागों व बाउंड्रीवाल संबंधी जरूरी कार्य, व्यवसायिक प्रयोगशाला के लिए फर्नीचर, विद्यालय में पीए सिस्टम की स्थापना, अग्नि सुरक्षा हेतु हाइड्रेंट पाइप सिस्टम, प्रार्थना स्थल का छायांकन व नवीनीकरण, शौचालयों की मरम्मत व रखरखाव, दिव्यांगजनों हेतु रैम्प व विशेष शौचालय का निर्माण, विद्युत आपूर्ति प्रणाली का नवीनीकरण इत्यादि शामिल है। बैठक में सदस्य सुरेन्द्र पाल सिंह, डॉ. आनंद चौरसिया, एस.के. चंद्रपुरिया, गुलाबधर, जे.पी. सोनकर एवं अभिभावक सदस्यों में नीलम जगवानी एवं भूपेन्द्र राय व शिक्षक प्रतिनिधि नेहा लखेरा शामिल रहीं।

# गुड़वत्ताविहीन सड़क में पोता डामर ठेकेदार पर नगरीय प्रशासन मेहरबान

**अजयगढ़।** नगर पंचायत अजयगढ़ निर्माण कार्यों को लेकर भ्रष्टाचार के मामलो मे खूब चर्चा का विषय बनी हुई हैं नगर मे हो रहे पक्के निर्माण कार्यों मे जमकर ठेकेदार एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है, और जब ठेकेदार एवं अधिकारीयों के भ्रष्टाचार की परत खुलती हैं तो उसे घटिया तरीके के डामर से ढकने का काम ठेकेदार से करवाया जाता हैं। आपको बता दें की अभी हाल मे नगर के वार्ड क्रमांक 10 मे सीमेंट कंकरीट से पक्की सडक का निर्माण नगर पंचायत के द्वारा ठेकेदार से कराया गया था जिसमे जमकर भ्रष्टाचार हुआ और सडक बनने के बाद चंद दिनों मे सडक उखड़ने लगी जिसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन तक की गई इसके बाद ठेकेदार और नगरीय प्रशासन द्वारा भ्रस्टाचार को ढाकने के लिए उक्त सडक मे घटिया किस्म के डामर से पोत दिया गया। आपको बता दें की नगर में अधिकांश निर्माण कार्य इसी तरह से कराये गए हैं और ठेकेदार एवं अधिकारी भ्र्ष्टाचार के धन से खूब मालामाल हो रहे हैं, अगर नगर मे हुए निर्माण कार्यों की जाँच जिला प्रशासन करवाता हैं तो भ्रष्टाचार की परत दर परत खुल जाएगी।



# अपहृत मूक-बधिर नाबालिग बालक को 24 घंटे के अंदर दस्तयाब कर परिजनों के किया गया सुपुर्द

**पन्ना।** थाना सलेहा क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसका मूक-बधिर नाबालिग पुत्र अचानक लापता हो गया है और उसके अपहरण की आशंका है। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना सलेहा में तत्काल मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित कर बालक की तलाश हेतु संभावित स्थानों जैसे बस स्टैंड, होटल एवं आस-पास के क्षेत्रों में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। साथ ही, सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर सुराग एकत्रित किए गए। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप यह सूचना प्राप्त हुई कि बालक सलेहा थाना क्षेत्र में ही एक स्थान पर देखा गया है। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाही करते हुए आज दिनांक 11.07.2025 को बालक को सकुशल बस स्टेण्ड सलेहा से दस्तयाब किया गया। दस्तयाबी उपरांत नियमानुसार समस्त वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर बालक को उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। पन्ना पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई के चलते एक मूक-बधिर नाबालिग बालक को सकुशल उसके परिजनों से मिलाया जाना एक सराहनीय एवं जनहितकारी उपलब्धि है।इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा एवं थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुलिस टीम के प्रति प्रशंसा व्यक्त की गई।



# पति की हत्या, पत्नी बच्चों सहित गायब थाना क्षेत्र के बघवार कला का मामला




**पन्ना।**

जिले के रैपुरा थाना अंतर्गत बघवार कला में एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक नन्नू लाल सोनी पिता मुन्ना लाल सोनी उम्र 35 वर्ष की लाश कमरे में मिली। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को फोन किया। परिजनों के मुताबिक मृतक की पत्नी एवं दो बच्चे भी रात से ही गायब है। पुलिस के अनुसार सिर में किसी भारी वस्तु से वार करने से युवक मौत हो गई। युवक घर में चार पाई पर पड़ा हुआ था। घटना की रात में मृतक उसकी पत्नी सहित बच्चे एक कमरे में सो रहे थे। तथा दूसरे कमरे में मृतक के माता पिता सो रहे थे। सुबह लगभग ग्यारह बजे तक नहीं उठने पर उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो बेटे की लाश खून से लतपथ पड़ी हुई थी। इसके बाद डायल 100 पर पुलिस को इसकी सूचना मिली। तत्पश्चात थाना प्रभारी संतोष यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे एवं जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार घटना लगभग बारह से दो बजे के बीच की है। मृतक ने दो माह पहले की थी शादी। पुलिस के अनुसार मृतक ने दो माह पहले 28 मई 2025 को ही शादी की थी। जिस महिला से शादी हुई थी उसके पहले से दो बच्चे थे। महिला उत्तरप्रदेश की बताई जा रही है। पत्नी अपने दो बच्चों सहित गायब है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

### इनका कहना है-

प्रथम दृष्टा मृतक के सर पर किसी भारी चीज से बार किया गया जिससे उसकी मौत हुई। पत्नी एवं बच्चोंके मिलने पर ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि आखिर क्या हुआ था। पुलिस मामला कायम कर जांच कर रही है।

**आर एम द्विवेदी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी**

# अवैध रूप से निर्मित एक देशी पिस्टल (9 राउंड) व दो जिंदा कारतूस के साथ आदतन अपराधी गिरफ्तार

**पन्ना।**

पन्ना पुलिस द्वारा आदतन अपराधी को अवैध रूप से निर्मित एक देशी पिस्टल (09 राउंड) व दो जिंदा कारतूस के साथ के गिरफ्तार किया जाकर की गई वैधानिक कार्यवाही। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शस्त्र रखने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा थाना स्तर पर एक टीम का गठन किया गया। दिनांक 08.07.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जनवार तिराहा, यात्री प्रतीक्षालय के सामने, आम रोड पन्ना पर एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी पिस्टल लिये खड़ा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची मौके पर एक संदेही व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेही व्यक्ति से नाम पता पूँछकर उसकी तलाशी ली गई जो तलाशी के दौरान संदेही के कब्जे से एक देशी लोहे की 09 राउंड पिस्टल एवं दो पीतल के जिंदा कारतूस लिये होना पाये गये। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से अवैध पिस्टल एवं जिंदा कारतूस जप्त किये जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में अप.क्र. 597/25 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है।



### गिरफ्तार आरोपी-

1. अखिलेश तिवारी पिता नंदीलाल तिवारी उम्र 46 वर्ष निवासी देवरीगढ़ी

### जप्त सामग्री -

एक देशी 09 राउंड लोहे की पिस्टल, दो पीतल के जिंदा कारतूस कुल कीमती करीब 10,000 रूपये के जप्त।

### सराहनीय योगदान -

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, चौकी प्रभारी सिविल लाइन उनि शक्ति प्रकाश पाण्डेय, सउनि मान सिंह, प्र.आर. आईमात सेन, बृषकेतू रावत, खेमचंद्र राय, आर. संदीप पटेल, दिलीप शर्मा, फेरन सिंह, अभिषेक सिंह, एवं सत्यनारायण अग्निहोत्री की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

खबर संक्षेप

## सड़क किनारे पड़ा मिला अज्ञात व्यक्ति का शव



**नौगांव।** थाना क्षेत्र में ग्राम मऊसहानियां में धुबेला म्यूजियम गेट के सामने छतरपुर-नौगांव मार्ग पर शुक्रवार की सुबह अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है लेकिन फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी। यह भी अभी स्पष्ट नहीं हो सका है कि मृतक की हत्या की गई है अथवा उसने आत्महत्या की है।नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह सिकरवार ने बताया कि मऊसहानियां गांव में धुबेला म्यूजियम गेट के पास सड़क किनारे मिले करीब 40 वर्षीय व्यक्ति के शव के दाहिने हाथ पर राजेश लिखा हुआ है। सुबह ग्रामीणों ने शव देखकर नौगांव थाना पुलिस को सूचना दी थी, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नौगांव अस्पताल भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि यह हत्या है या आत्महत्या, इसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित अन्य सुरागों के आधार पर मामले की तह तक जाने का प्रयास किया जा रहा है।

## धौंसा धाम में गुरु पूर्णिमा पर हुआ भव्य भंडारा



**छतरपुर।** बुंदेलखंड अंचल के महोबा जनपद में जैतपुर ब्लॉक के ऐतिहासिक श्री गोपाल जी मंदिर धौंसा में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को भव्य महोत्सव और भंडारा आयोजित हुआ। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जिन्होंने गुरुओं के प्रति श्रद्धा और भक्ति का भाव प्रकट किया। धौंसा मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां कई दिनों से चल रही थीं। मंदिर के महंत हरिदास जी महाराज और मथुरा से आए महंत श्यामा शरण महाराज की देखरेख में यह आयोजन संपन्न हुआ। सुबह 10 बजे से श्री गोपाल जी का फूलों से अभिषेक किया गया, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन, पूजन और आरती हुई। गोपाल जी को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया गया, जिसे दूर-दराज से आए भक्तों ने ग्रहण किया। शिष्यों ने अपने गुरुओं को फलहार और मिठाई भेंटकर आशीर्वाद लिया। भजन-कीर्तन की स्वर लहरियों ने मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, जिला अध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष भागीरथ सिंह, कुलपहाड़ चेयरमैन वैभव अजरिया, जिला उपाध्यक्ष डॉ. कमलेश सक्सेना, प्रधान हरिमोहन दूवे, ब्रजमोहन दूवे, सुमित पाठक और प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे।

मामला : विश्वविद्यालय में पदस्थ आकाश जैन लैब टेक्नीशियन के वायरल वीडियो का..

# विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रतिवेदन को उच्च शिक्षा विभाग ने नहीं माना संतोषजनक



आकाश जैन टेक्नीशियन







यशवंत पटेल कुल सचिव

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के लैब टैक्नीशियन आकाश जैन और उसके साथियों का कार्यालय में शराबखोरी करने का जो वीडियो वायरल हुआ है, उसको उच्च शिक्षा विभाग ने संज्ञान में लेते हुये विश्वविद्यालय प्रशासन से एक प्रतिवेदन मांगा था। लेकिन जो प्रतिवेदन विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उच्च शिक्षा विभाग को वायरल वीडियो के संबंध में भेजा गया है। उस प्रतिवेदन को उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन मंत्रालय भोपाल के अवर सचिव ने संतोषजनक नहीं माना है और अवर सचिव म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग ने पत्र क्र. 3283133/2025/38-3 भोपाल दिनांक 10 जुलाई 2025 के द्वारा कुलसचिव महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय को पत्र लिखकर निर्देश दिये हैं कि जो वायरल वीडियो के संबंध में आपके द्वारा संदर्भित पत्र से प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है। वह प्रतिवेदन संतोषजनक नहीं है। इसलिए प्रकरण में तत्काल जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

### उच्च शिक्षा विभाग ने क्या-क्या मांगी जानकारी

लैब टैक नीशियन आकाश जैन का शराब पीने का वीडियो वायरल होने के संबंध में विश्वविद्यालय के प्रशासन के प्रतिवेदन से असंतुष्ट अवर सचिव उच्च शिक्षा विभाग ने 3 बिन्दुओं की जानकारी स्पष्ट रूप से मांगी है। उसमें बिंदु क्र. 1 में वायरल हुये वीडियो ईमेल के माध्यम से विभाग को शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। बिंदु क्र. 2 के तहत वायरल वीडियो में विश्वविद्यालय में कार्यरत जो अधिकारी कर्मचारी नजर आ रहे हैं उनका नाम, पदनाम, श्रेणी तथा उनकी पदस्थापना संबंधी पूर्ण जानकारी और बिन्दु क्र. 3 में वायरल वीडियो में दिख रहे विश्वविद्यालय के कार्यालय परिसर की जानकारी चाही गई है। इन तीन बिन्दुओं की जानकारी उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मांगे जाने से निश्चित है कि अब विश्वविद्यालय प्रशासन के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही होने वाली है। और इस जानकारी को भेजने में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा गुमराह किया गया था जिस कारण अवर सचिव ने संपूर्ण जानकारी स्पष्ट रूप से मांगी है।

### 5 कर्मचारियों की बनाई गई समिति -

आकाश जैन और उसके साथियों का शराबखोरी करने का जो वीडियो वायरल हुआ है। उसकी जांच के लिए 5 कर्मचारियों की जांच कमेटी बनाई गई है। कुलसचिव यशवंत पटेल ने बताया कि इस समिति में ओपी अरजरिया, कल्पना वैश्य, अर्चित ताम्रकार, हिमांशू अग्रवाल और अध्यक्ष कर्मचारी संघ को शामिल किया गया है। यह जांच समिति शीघ्र ही जांच करके अपनी रिपोर्ट विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंपेगी।

### एक और आकाश जैन का वीडियो तेजी से हो रहा वायरल -

शराबखोरी का वीडियो वायरल होने के बाद एक और वीडियो आकाश जैन का तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें आकाश जैन स्पष्ट दिख रहे हैं। और कुछ लोग उनसे गाड़ी की डिग्गी खोलने की बात कह रहे हैं, लेकिन वह डिग्गी खोलने से इंकार करते दिख रहे हैं। इस चार पहिया वाहन की डिग्गी में ऐसा क्या रखा था।

नहीं थम रही बारिश, किसान नहीं कर पा रहे बोवनी

# उफान पर आए नदी-नाले, कई गांवों का संपर्क टूटा



**छतरपुर।** जिले में लगातार हो रही बारिश अब जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित करने लगी है। एक ओर जहां जिले के तमाम नदी-नाले उफान पर आ गए हैं, जिससे कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से कट गया है, तो वहीं दूसरी ओर बारिश के कारण किसानों की बोवनी (बुवाई) भी नहीं हो पा रही है। कई स्थानों पर खेतों में जलभराव होने से फसलों को नुकसान होने की भी जानकारी मिली है। इस साल के मौसम से किसानों में निराशा छाई हुई है।उल्लेखनीय है कि जिले में करीब एक सप्ताह से हर रोज बारिश हो रही है। जिले की धसान, केन, उर्मिल, पुखराव सहित अन्य छोटे-बड़े नाले उफान पर हैं। शुक्रवार को सटई क्षेत्र के झमटुली गांव में बेहर मोहल्ले का नाला उफान पर होने से देवगांव, देवरा, बिजावर और अमानगंज को जोडऩे वाला मार्ग बंद हो गया। इससे ग्रामीणों को आवश्यक सामान लाने और आपातकालीन सेवाओं, जैसे अस्पताल पहुंचने में भारी कठिनाई हुई। वहीं दूसरी ओर पुखराव नदी का अस्थाई पुल बह गया जिससे खरयानी, पलकौंहा, ढोंढन आदि गांवों का संपर्क कट गया। लगातार बारिश ने न केवल किसानों की आजीविका को प्रभावित किया है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और दैनिक जीवन को भी ठप कर दिया है।

### किसानों की बोवनी रुकी, फसलों को नुकसान

लगातार बारिश ने किसानों के लिए भी मुसीबतें खड़ी कर दी हैं। जिले के अधिकांश किसानों ने बताया कि इस वर्ष मानसून की शुरुआत से ही अत्यधिक वर्षा के कारण खेतों में जलभराव हो गया है। तालाब और नाले लबालब भर गए हैं, जिससे खेतों में पानी निकासी की समस्या पैदा हो गई है। पठादा गांव के किसान छोटू यादव ने बताया कि इस बार बारिश इतनी ज्यादा हो रही है कि खेतों में बोवनी शुरू ही नहीं हो पाई है। वहीं रौरा गांव के किसान राजू यादव ने बताया कि उनके गांव में थोड़ी-बहुत बुवाई हुई थी लेकिन लगातार हो रही बारिश से फसल खराब होने की संभावना बन रही है।

## काठन नदी के टापू पर फंसा 15 वर्षीय किशोर, रेस्क्यू जारी



छतरपुर जिले के ग्राम सिजवाहा में काठन नदी में भारी बारिश के कारण आए उफान से एक 15 वर्षीय युवक टापू पर फंस गया, जिसके बाद एनडीआरएफ और प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बताया गया है कि काठन नदी का जलस्तर तेज बारिश के कारण अचानक बढ़ गया, जिससे सिजवाहा गांव में नदी के बीच एक टापू पर युवक फंस गया। ग्रामीणों की सूचना पर नायब तहसीलदार, पटवारी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचे। एनडीआरएफ की टीम भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर युवक को सुरक्षित निकालने के प्रयास में जुट गई। प्रशासन ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और हर संभव कोशिश की जा रही है।

## नदी का अस्थाई पुल बहा, चार गांवों का संपर्क टूटा



राजनगर तहसील क्षेत्र में बमीठा-भुसौर गंगऊ बांध के बीच बहने वाली पुखराव नदी पर बना अस्थाई पुल भारी बारिश के कारण बह गया और चार गांवों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। बताया गया है कि पुखराव नदी के अस्थाई पुल को केन-बेतवा लिंक परियोजना के निर्माण के लिए पुराने रिपटा को तोड़कर बनाया गया था। भारी बारिश के कारण यह पुल बह गया, जिससे खरयानी, पलकौंहा, ढोंढन सहित और अन्य गांवों के लोगों का संपर्क मुख्य सड़क से कट गया। बमीठा निवासी अशोक नामदेव ने बताया कि पुल बह जाने के बाद पलकौंहा की एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए अस्पताल ले जाने में भारी कठिनाई हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल अस्थाई व्यवस्था करने और स्थायी पुल निर्माण की मांग की है। गौरतलब है कि यह घटना केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की चुनौतियों और बारिश के मौसम में बुनियादी ढांचे की कमजोरियों को उजागर कर रही है।

## तरपेड बांध के निचले हिस्से में जल स्तर बढने की संभावना

छतरपुर जिले के ईशानगर विकासखंड अंतर्गत तरपेड़ जलाशय वर्तमान में 70 प्रतिशत भर चुका है। वेस्ट वियर से पानी का बहाव रहेगा। जिसका डिस्चार्ज 1206.00 क्यूमेक्स है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन लता वर्मा ने समस्त प्रभावित ग्राम वासियों को सूचित किया है कि बांध के निचले क्षेत्र में आने वाले ग्राम भेल्सी, हिलगुवां, ईशानगर, सीगौन, दिदौल एवं पठादा के ग्रामीणों को चेतावनी दी जाती है कि नदी से दूर रहे। नदी में पानी का जल स्तर बढ़ सकता है। अन्यथा की स्थिति में भराव के कारण धन-जन हानि होगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत





### ससुराल वालों ने कीटनाशक दवा के सेवन को बताया कारण

**छतरपुर।** गुलगंज थाना क्षेत्र के बमनीघाट गांव में बीते रोज एक 35 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिला अस्पताल में ससुराल वालों ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या किए जाने का मामला बताया, जबकि मायके वालों ने महिला के पति पर हत्या का आरोप लगाया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। बमनीघाट निवासी मोतीलाल यादव ने बताया कि गुरुवार शाम करीब 4 बजे अज्ञात कारणों के चलते परिवार के बृजेश यादव की 35 वर्षीय पत्नी सुशीला ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया था। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर वे मौके पर पहुंचे और सुशीला को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां रात 8 बजे उनकी मृत्यु हो गई। वहीं मृतिका के भाई सुनील यादव निवासी ग्राम रसोई जिला टीकमगढ़ ने अपने जीजा बृजेश यादव पर गंभीर आरोप लगाए। सुनील ने बताया कि सुशीला का विवाह 26 जून 2009 को बृजेश के साथ हुआ था। बृजेश के घर पर तीन साल से रह रही सरस्वती लोधी नामक महिला से उसके अवैध संबंध थे, जिसके चलते वह सुशीला को लगातार प्रताड़ित करता था। सुनील ने बताया कि दो दिन पहले वह अपनी बहन के घर गया था, जहां उसके सामने भी बृजेश और सुशीला के बीच विवाद हुआ था। सुनील ने आरोप लगाया कि बृजेश ने सुशीला को हत्या की है। शुक्रवार सुबह 11 बजे जिला अस्पताल छतरपुर में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा होगा।

## देवी मां के मंदिर से चोरी हुए नाद घंटे, भक्तों ने जताई नाराजगी

### मंदिर के पास रहता है असामाजिक तत्वों और शराबियों का जमावड़ा



**महाराजपुर।** नगर के प्रसिद्ध कुसमा शक्ति माता मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा नाद घंटे चोरी कर लिए गए हैं, जिससे मंदिर में आस्था रखने वाले भक्तों में भारी नाराजगी है। शुक्रवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष ने दर्जनों भक्तों के साथ थाने में सामूहिक ज्ञापन देकर चोरों को पकडऩे की मांग की है। लोगों का यह भी कहना है कि मंदिर के पास असामाजिक तत्वों और शराबियों का जमावड़ा रहता है। शुक्रवार को महाराजपुर थाना पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल पुरोहित ने बताया कि थथोरा तालाब के निकट स्थित शक्ति माता मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक फैली है। लोग नए वाहन खरीदने के बाद यहां माता का आशीर्वाद लेने आते हैं। ऐसी मान्यता है कि मंदिर में वाहन का नंबर अंकित करने से वाहन दुर्घटना से सुरक्षित रहते हैं। करीब 15 दिन पहले मंदिर में लगे एक से डेढ़ क्विंटल वजन वाले नाद घंटे अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए हैं, जिनका पुलिस अभी तक पता नहीं लगा सकी है। उन्होंने पुलिस से चोरों का पता लगाने और उन पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले महाराजपुर के बगराजन मंदिर में भी चोरी हो चुकी है, जिसका खुलासा भी अभी तक नहीं हुआ है। लोगों का यह भी कहना है कि मंदिर के पास असामाजिक तत्वों और शराबियों का जमावड़ा रहता है, जिन पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## बिजावर में विधायक ने सिविल हॉस्पिटल निर्माण का लिया जायजा



**बिजावर।** शुक्रवार को बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने बिजावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति की बैठक ली। इस दौरान विधायक श्री शुक्ला ने निर्माणाधीन सिविल हॉस्पिटल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्तिकरण हमारा लक्ष्य।बैठक में विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और मरीजों को उचित सुविधाएं प्रदान करने पर जोर दिया। उन्होंने निर्माणाधीन सिविल हॉस्पिटल का दौरा कर कार्य की गति और गुणवत्ता की समीक्षा की। विधायक ने कहा कि यह अस्पताल क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा, जो स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह प्रयास बिजावर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने और ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य को समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम विजय कुमार द्विवेदी, तहसीलदार अभिनव शर्मा, बीएमओ डॉ. महेश त्रिवेदी, सीएमओ संतोष सैनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# यातायात थाने में तैयार हुई नवीन प्रशिक्षण शाला



### विधायक ने किया उद्घाटन, एसपी ने बताया उद्देश्य

**छतरपुर।** शहर के यातायात थाना परिसर में छतरपुर विधायक के सहयोग से नवीन प्रशिक्षण शाला तैयार की गई है, जिसका शुक्रवार को विधायक ललिता यादव ने उद्घाटन किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने प्र?शिक्षण शाला के निर्माण का उद्देश्य और इसके लाभ बताते हुए विधायक का आभार जताया।प्राप्त जानकारी मुताबिक दोपहर करीब 12 बजे आयोजित किए गए कार्यक्रम में छतरपुर विधायक ललिता यादव ने एसपी अगम जैन, एडिशनल एसपी विदिता डागर, सीएसपी अरुण कुमार सोनी, यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत के साथ नवीन प्रशिक्षण शाला का लोकार्पण किया। इस नवीन प्रशिक्षण शाला का निर्माण 5 लाख रुपये की विधायक निधि से किया गया है। इस अवसर पर विधायक ललिता यादव ने कहा कि पुलिस हमारी सुरक्षा के लिए कार्य करती है, इसलिए उनकी आवश्यकताओं को पूरा करना प्राथमिकता है। उन्होंने नवीन यातायात प्रशिक्षण शाला को शानदार बताते हुए कहा कि यह भविष्य में जागरूकता और प्रशिक्षण के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। वहीं एसपी अगम जैन ने बताया कि विधायक ललिता यादव ने उनकी मांग पर 5 लाख रुपये की निधि से इस नवीन प्रशिक्षण शाला का निर्माण कराया। यह प्रशिक्षण शाला यातायात जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, और इसे और बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान शहर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी, ?शिक्षण संस्थानों के सदस्यगण उपस्थित रहे, जिन्हें राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता और बचाव के उपाय भी बताए गए।

# सावन के पहले दिन शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



### 500 वर्ष पुराने मंदिर में हुआ जलाभिषेक, अखंड रामधन पाठ शुरू

**छतरपुर।** सावन का महीना शुरू होते ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमडऩे लगी है। शुक्रवार को शहर के ऐतिहासिक संकट मोचन महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची। भक्तों ने शिव जी का जलाभिषेक किया। उल्लेखनीय है कि करीब 500 वर्ष पुराने संकट मोचन महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की विशेष आस्था है। सावन के पहले दिन से ही भक्त सुबह से ही शिव जी का जलाभिषेक करने पहुंचे। मंदिर में पूरे सावन माह अखंड रामधन पाठ का आयोजन शुरू हुआ, जो महीने भर चलेगा। इस दौरान शिव जी का विशेष श्रृंगार किया जाता है, जिसे देखने और पूजा करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। भक्तों का मानना है कि सावन में यहाँ पूजा करने से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर का प्रांगण भक्ति और उत्साह से भरा रहा, और श्रद्धालुओं ने सावन के इस पवित्र महीने में मंदिर की रौनक को और बढ़ा दिया।

**खबर संक्षेप**

## एनडीपीएस मामले में फरार इनामी गिरफ्तार, चोरहटा पुलिस ने की कार्रवाई



**रीवा।** शहर की चोरहटा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में एक वर्ष से फरार 20 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। चोरहटा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी के खिलाफ धारा 8,21,22,25, 25ए, 29 एनडीपीएस 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध था। उक्त मामले में आरोपी एक साल से फरार था, जिसके बाद सूचना के बाद आरोपी आशीष गौतम उर्फ गुरु पिता राजाभाईया गौतम 35 वर्ष निवासी रैगांव थाना सिंहपुर सतना को गिरफ्तार किया है।

## शहरी हितग्राहियों को हित लाभ का हुआ वितरण, उप मुख्यमंत्री ने ईडब्ल्यूएस आवास के स्वीकृति पत्र सौंपे

**रीवा ।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत हितग्राहियों को प्रथम किश्त वितरण का कार्यक्रम नगर निगम के टाउन हाल में आयोजित किया गया। हितग्राहियों को ऋण राशि वितरण करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिये पक्के आवास देने का वरदान है। इसके माध्यम से देश में 4 करोड़ पक्के आवास लोगों को मिल चुके हैं आने वाले समय में 3 करोड़ मकान गरीबों को दिये जायेंगे। उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर के आवास योजना के 224 हितग्राहियों को आवास की एक लाख रूपये की प्रथम किश्त की स्वीकृति पत्र सौंपे। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत प्रदेश के 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को 1626 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर से हितग्राहियों को राशि का वितरण किया। कार्यक्रम का संजीव प्रसारण नगर निगम टाउन हाल में आयोजित कार्यक्रम में दिखाया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना से रीवा में एएसपी के तहत 1736 आवास तैयार किये जा चुके हैं। इसी प्रकार पूर्व में 4198 आवास पूर्ण हो गये हैं तथा 224 हितग्राहियों को प्रथम किश्त के तौर पर एक लाख रूपये की राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि कोई भी गरीब बच्चे आवास में न रहे। उनकी संकल्पना को मूर्तरूप देने के उद्देश्य से प्रदेश व जिले में भी गरीबों को पक्के आवास प्रदान किये जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों, युवाओं, किसानों व महिलाओं के कल्याण के लिये कृत संकल्पित है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि देश व प्रदेश में प्रधानमंत्री जी की मंशानुरूप पक्के गरीबों के हित में कल्याणकारी योजनाओं के संचालन के लिये मुख्यमंत्री जी को साधुवाद दिया। अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि रीवा शहर में गरीबों को पक्के आवास दिलाये जा रहे हैं। जो व्यक्ति छूट गये हैं उन्हें भी आवास दिये जा रहे हैं।

# अशासकीय महाविद्यालयों पर संकट के बादल

### संबद्धता शुल्क में कई गुना वृद्धि से अस्तित्व पर संकट, संचालकों ने राज्यपाल के नाम कुलगुरु को सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** मध्य प्रदेश के अशासकीय (निजी) महाविद्यालय इन दिनों अस्तित्व के सबसे गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। शासन द्वारा संबद्धता शुल्क में अचानक की गई बेतहाशा वृद्धि ने इन संस्थानों की आर्थिक कमर तोड़ दी है। संचालकों का आरोप है कि यह निर्णय न केवल एकतरफा और तानाशाहीपूर्ण है, बल्कि शिक्षा विरोधी भी है।



*रीवा स्थित अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय ने हाल ही में संबद्धता शुल्क में 200 से लेकर 500 गुना तक की अप्रत्याशित वृद्धि की है। इसके साथ ही शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि भी 31 अगस्त से घटाकर 31 जुलाई कर दी गई है। इससे प्रदेशभर के सैकड़ों महाविद्यालयों में असमंजस और आर्थिक संकट की स्थिति पैदा हो गई है। मध्यप्रदेश अशासकीय महाविद्यालय संघ के अध्यक्ष सुशील खरे ने बताया कि राज्य सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन ने मिलकर निजी महाविद्यालयों को योजनाबद्ध तरीके से हाशिए पर लाने का प्रयास किया है। जब एक ओर सरकारी महाविद्यालयों में बिना बुनियादी ढांचे के ही दाखिले दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अशासकीय संस्थानों पर कठोर शर्तें और शुल्क लादे जा रहे हैं। यह निर्णय हजारों छात्रों और कर्मचारियों के भविष्य को संकट में डाल रहा है, उन्होंने कहा प्रदेश में कई निजी विश्वविद्यालय बिना कैम्पस के ही डिग्रियां वितरित कर रहे हैं, जिससे रेगुलर दाखिले वाले छात्र घटे हैं और अशासकीय महाविद्यालयों में आर्थिक संकट गहराया है,संगठन के पदाधिकारियों का यह भी कहना है कि राज्य सरकार का हस्तक्षेप न केवल महाविद्यालयों की कार्यप्रणाली में बाधा है, बल्कि यह विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर भी कुठाराघात है। प्रवेश और परीक्षा जैसी प्रक्रियाएं विश्वविद्यालयों के अधिकार क्षेत्र में आती हैं, लेकिन अब विश्वविद्यालय भी सरकारी दबाव में काम कर रहे हैं। वही अस्पष्टता और शुल्क वृद्धि के कारण हजारों छात्रों व उनके अभिभावकों में गहरी दुविधा की स्थिति है। कई छात्रों को यह भी स्पष्ट नहीं है कि जिन कॉलेजों में वे दाखिला लेना चाह रहे हैं, उनकी मान्यता बनी भी है या नहीं। इस पूरे मामले पर अशासकीय महाविद्यालय संघ ने कुलपति के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा है। लेकिन अभी तक शासन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं आई है।बॉक्स बीसीए-बीबीए कोर्स पर गहराया संकटसबसे बड़ा असर उन कॉलेजों पर पड़ा है जो बीसीए और बीबीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित करते हैं। सरकार द्वारा इन कोर्सों को अचानक एआईसीटीई के अधीन कर दिया गया, जिससे सैकड़ों महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया से ही बाहर हो गए। चौंकाने वाली बात यह है कि इसी अवधि में विश्वविद्यालयों ने इन कोर्सों के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) के नाम पर शुल्क भी लिया और संबद्धता जारी भी की। यह दोहरापन निजी कॉलेजों के लिए भ्रम और नुकसान दोनों का कारण बना।बॉक्सज्ञापन में संचालकों ने रखी प्रमुख मांगें संबद्धता शुल्क में की गई वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। सीट निर्धारण प्रक्रिया पूरी करने के लिए कॉलेजों को कम से कम 15-20 दिन का समय दिया जाए।नीति निर्माण में पारदर्शिता और संवाद सुनिश्चित किया जाए।बॉक्स यदि समय रहते नहीं मिला समाधान, तो बंद होंगे दर्जनों कॉलेजसंचालकों का स्पष्ट कहना है कि यदि यह नीति लागू रही, तो प्रदेश में दर्जनों अशासकीय महाविद्यालयों को बंद होने पर मजबूर होना पड़ेगा। यह न केवल निजी क्षेत्र के लिए चुनौती है, बल्कि राज्य के हजारों छात्रों के शैक्षणिक भविष्य के लिए भी घातक सिद्ध होगा।*

# डिप्टी सीएम उप मुख्यमंत्री ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों ली समीक्षा बैठक

**रीवा ।**



सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा संभाग में पिछले 6 महीने में नशामुक्त अभियान के तहत बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। बड़ी संख्या में नशे के व्यापार मंल लिप्त व्यक्तियों को जेल भेजने के साथ गांजा और कोरेक्स की भारी मात्रा में बरामदगी की गई है। नशा व्यक्ति के तन, मन और धन तीनों का विनाश करता है। रीवा और पूरे विन्ध्य क्षेत्र में चारों ओर हो रहा तेजी से विकास तभी सार्थक होगा जब भावी पीढ़ी को नशे से दूर रखा जाए। भावी पीढ़ी नशे की राह पर चली गई तो हर तरह का विकास बेमानी हो जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरेक्स तथा अन्य नशीले कप सिरप जहाँ पर बनाए जाते हैं वहाँ से जिले में पहुंचने और बिक्री होने तक के पूरे तंत्र पर कड़ी निगरानी रखकर कार्रवाई करें। नशे के सौदागरों को जेल में भेजने के साथ कड़ी सजा दिलाने के प्रयास करें। अपराधियों पर कार्रवाई के साथ-साथ नशीले पदार्थों के आदी व्यक्तियों के पुनर्वास के भी प्रयास करें। इस कार्य में विभिन्न विभागों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आमजनों का पूरा सहयोग प्राप्त करें। नशा सामाजिक और आर्थिक बुराई होने के साथ-साथ अपराधों का भी मूल है। पूरे संभाग में नशे के विरूद्ध बड़ा जागरूकता अभियान चलाएं। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने संभाग विशेषकर रीवा जिले में नशे के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 6 महीने में दो करोड़ से अधिक राशि के नशीले कप सिरप और गांजा की जप्ती की गई है। संभाग भर में अभियान चलाकर एक दिन में ही अवैध शराब के निर्माण पर कार्रवाई करते हुए 1017 आरोपियों को गिरफ्तार कर 22 लाख रुपए की अवैध शराब जप्त की गई। नशे के अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। रीवा जिले में वर्ष 2023 में 176, वर्ष 2024 में 162 तथा वर्ष 2025 में अब तक 129 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आमजनता से संवाद के लिए थाना स्तर पर जनचौपाल का आयोजन करके आमजनता की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। पुलिस ने पशु तस्करों पर कार्रवाई करते हुए दो हजार से अधिक पशुओं को मुक्त कराकर विभिन्न गौशालाओं में भेजा है। पशु तस्करी में लिप्त 32 आरोपियों को जेल भेजा गया है। पुलिस ने 250 से अधिक गुमे हुए व्यक्तियों को बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा है। पुलिस महानिरीक्षक ने कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए की जा रही रात्रिकालीन गश्त, फरार वारंटियों की गिरफ्तारी तथा अन्य कार्यवाहियों की भी जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, राजेश पाण्डेय तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# 108 एंबुलेंस से डीजल चोरी करते दिखा शख्स, वीडियो वायरल स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

**रीवा।**

मरीजों की आपातकालीन सहायता के लिए चलाई जा रही 108 एंबुलेंस सेवा एक बार फिर विवादों में घिर गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में सरकारी एंबुलेंस से डीजल चोरी करते हुए दो व्यक्तियों को देखा जा सकता है, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। वीडियो में एक व्यक्ति एंबुलेंस के टैंक से डीजल निकालता दिखाई दे रहा है, जबकि दूसरा व्यक्ति आसपास निगरानी करते नजर आता है। बताया जा रहा है कि यह घटना रीवा जिले के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर की है। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि संबंधित कर्मचारियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि 108 एंबुलेंस सेवा प्रदेश सरकार द्वारा आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं के लिए चलाई जाती है। इस सेवा का मकसद है गंभीर रूप से बीमार अथवा घायल मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना। लेकिन बीते कुछ समय से इस सेवा को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं,कभी मरीजों से अवैध वसूली, तो कभी निजी कार्यों में एंबुलेंस के दुरुपयोग के आरोप लगते रहे हैं।

# राजस्व अधिकारी रेलवे परियोजना के निर्माण कार्यों की बाधाओं का समाधान करें - कमिश्नर



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन में सतना, रीवा, सीधी और सिंगरौली में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में भू अर्जन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। न्यायालयीन प्रकरण अथवा अन्य कारणों से जो प्रकरण शेष हैं उनका भी निराकरण तेजी से करें। सभी कलेक्टर भू अर्जन प्रकरणों के निराकरण की हर सप्ताह समीक्षा करें। शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए भू अर्जन की कार्यवाही पूरी करें। भू अर्जन करते समय विस्थापित परिवारों के हितों का भी पूरा ध्यान रखें। निर्माण कार्यों के लिए जमीन प्राप्त होने के बाद रेलवे तत्काल उस पर निर्माण कार्य शुरू करे। निर्माण कार्य में देरी होने से कई तरह की कठिनाईयाँ उत्पन्न हो जाती हैं। रीवा से बघवार तक रेलवे लाइन बिछाने का कार्य पूरा हो गया है। सीधी जिले में शेष क्षेत्र में लाइन बिछाने का कार्य तेजी से करें। कमिश्नर ने कहा कि मुआवजा वितरण के बाद भी यदि निर्माण कार्यों में कोई बाधा डालता है तो राजस्व अधिकारी मौके पर जाकर उसका निराकरण करें। रेलवे के अधिकारी तथा राजस्व अधिकारी समन्वय के साथ परियोजना के निर्माण कार्यों को पूरा कराएं। सीधी जिले के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि जो प्रकरण न्यायालय में दर्ज हैं उन्हें लोक अदालत के माध्यम से निराकृत करने का प्रयास करें। भू अर्जन से प्रभावितों से सतत संपर्क करके लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। राजस्व अधिकारियों ने भू अर्जन में बहुत अच्छा कार्य किया है। रीवा से देवसर तक रेलवे लाइन निर्माण की सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। रेलवे तेजी से निर्माण कार्य पूरे करे। कलेक्टर सीधी तीन स्थानों पर आ रही कठिनाईयों को एक सप्ताह में दूर कराएं। कमिश्नर ने सतना जिले के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि रीवा-सतना रेलवे लाइन के दोहरीकरण में शेष बचे 19 किलोमीटर भाग में भू अर्जन की कार्यवाही एक माह में पूरा करें। जिनमें अवार्ड पारित हो गया है उनमें सात दिन में मुआवजा राशि का वितरण कराएं। ग्राम तपाकोठार में एसडीएम रामपुर बघेलान मौके पर जाकर सीमांकन करा दें। नागौद तहसील में लंबित 8 गांवों के भू अर्जन के प्रकरणों की सभी बाधाएं एक माह में दूर करें। सभी राजस्व अधिकारी रेल परियोजना से जुड़े प्रकरणों पर विशेष ध्यान दें। ग्राम सड़वा, गंगवरिया और विकरा में भू अर्जन की कार्यवाही तत्परता से करें। कमिश्नर ने सिंगरौली जिले के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ भू अर्जन के प्रकरणों का निराकरण करें।बैठक में कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि भू अर्जन के कारण रेलवे निर्माण कार्य में कहीं भी बाधा नहीं है। भू अर्जन से जुड़े प्रकरणों पर तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर ने ग्राम झांझ, रायखोर, पड़खुरी पवाई, पटेहरा, हर्दिहा पवाई, झलवार, ममदर, रघुनाथपुर, कोतरकला, नौढ़िया, मधुरी कोठार सहित विभिन्न ग्रामों के भू अर्जन की ग्रामवार जानकारी दी। बैठक में कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि चितरंगी तहसील तथा देवसर तहसील में तैयार मुआवजा प्रकरणों पर तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। ग्राम मऊ और जियावन के शेष प्रकरण एक माह में निराकृत कर दिए जाएंगे। कुशियारी में भूमि विवाद निराकृत करके मुआवजा राशि का वितरण कर दिया गया है। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस, कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, संबंधित जिलों के एसडीएम, रेलवे के अधिकारी जीएस मीणा, सुनील प्रजापति, आरके स्वाई, इन्द्रजीत वर्मा तथा मानसिंह मीणा उपस्थित रहे।

# सड़कों में सुधार तथा स्पीड ब्रेकर बनाने का कार्य तत्काल करें: पुलिस अधीक्षक और एडीएम ने दुर्घटना संभावित स्थलों का किया निरीक्षण



**रीवा ।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारी द्वारा मौके पर निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह तथा एडीएम श्रीमती सपना त्रिपाठी ने रेलवे ओवर ब्रिज गोड़हर से अगडाल तक सड़क दुर्घटना के संभावित स्थलों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बायपास जंक्शन, चन्द्रलोक होटल के पास, निर्मल सिटी मोड़, एयरपोर्ट मोड़ तथा अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बायपास जंक्शन में सड़क का सुधार तत्काल कराएं। इसमें प्रयागराज मार्ग से आने वाले वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए स्पीड ब्रेकर तत्काल लगा दें। वाहनों के शहर की ओर मुड़ते समय सामने से तेज गति से वाहन आने पर दुर्घटनाएं होती हैं। बायपास मार्ग और चोरहटा से रतहरा मार्ग में शहर के बाहरी क्षेत्र में जहाँ मुख्य सड़क पर कालोनियाँ के गेट हैं वहाँ भी स्पीड ब्रेकर बनाना आवश्यक है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को सचेत करने के साथ-साथ सुरक्षा के सभी उपाय करें। निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीओपी, प्रभारी यातायात, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, थाना प्रभारी चोरहटा आशीष मिश्रा, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी नितिन पटेल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रोजगार दिलाने के नाम पर फर्जी कंपनी बनाकर सैकड़ों युवाओं से ठगी, मास्टर माइंड रांची से गिरफ्तार




**रीवा।** नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से लाखों की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को समान थाना पुलिस ने रांची (झारखंड) से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और जगह बदल-बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। मामले में इससे पहले एक अन्य आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने स्मार्ट वैल्यू नामक एक फर्जी कंपनी खड़ी की थी, जिसमें युवाओं को आकर्षक नौकरी और बेहतर करियर का झांसा देकर उनसे 10 से 15 हजार रुपये की रकम वसूली जाती थी। यह रकम कथित रूप से ट्रेनिंग और प्रोसेसिंग के नाम पर ली जाती थी। कुछ ही महीनों में कंपनी ने सैकड़ों छात्र-छात्राओं को अपना शिकार बना लिया। छात्रों को न तो कोई वैध नौकरी दी गई और न ही पैसे लौटाए गए। जब पीड़ितों ने पैसे वापस मांगने शुरू किए, तो कंपनी के संचालकों ने टालमटोल करना शुरू कर दिया। इसके बाद ठगी का यह जाल उजागर हुआ और पीड़ित युवाओं ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामला बढ़ता देख पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और एक आरोपी मुनिराज विश्वकर्मा को पूर्व में गिरफ्तार किया था।मुख्य आरोपी निर्मल कुमार विश्वकर्मा गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। साइबर सेल की मदद से पुलिस को हाल ही में उसकी लोकेशन रांची में मिली, जिसके बाद एक विशेष टीम झारखंड रवाना की गई। पुलिस ने रांची से उसे हिरासत में लेकर रीवा लाया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक इनोवा कार सहित कई दस्तावेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल है। समान थाना प्रभारी के अनुसार, ठगी के इस मामले में कुछ और लोगों की संलिप्तता सामने आई है और जल्द ही उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को

**रीवा ।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को किया जाएगा। नालसा के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकरण के लिए रखे जाएंगे। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किया जाएगा। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के उप सचिव अनिरूद्ध जैन ने नेशनल लोक अदालत की तैयारी के लिए सर्व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

# विद्यालयों में शौचालय सुधार के नाम पर पर भारी भ्रष्टाचार

### एक जुलाई के पूर्व होनी थी मरम्मत, वर्तमान में शौचालय की हालात दयनीय

**मऊगंज।** जिले मे समग्र शिक्षा अभियान के तहत समस्त प्रधानाध्यापक,शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयो से शौचालय के संबंध में जानकारी मांगी गयी थी। जिसमें ज्यादातर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सुचारू संचालन हेतु बजट की बात कहीं गयी। जिसको देखते हुए जिले की अधिकांश विद्यालयों को 20 हजार रूपए प्रति शौचालय के हिसाब से मुहैया कराया गया, किन्तु शिक्षा केंद्र के कई विद्यालय प्रबंधन बिना किसी कार्य के ही फर्जी बिलों के आधार पर पूरा भुगतान डकार जाने की तैयारियां कर रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि ग्रामीण अंचलों में विद्यालयों में शौचालय न होने के चलते कई विद्यार्थी विद्यालय जाने से कतराते हैं। ऐसे में उनकी शिक्षा दीक्षा बाधित होती है।जानकारी के अनुसार संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के पत्र अनुसार मुख्य सचिव म.प्र. शासन की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए है कि 01 जुलाई 2025 के पूर्व सभी शाला भवनों की लघु निर्माण, विशेषमरम्मत, शौचालय सुधार, शौचालयों में रनिंग वाटर, रंगाई पुताई,साफ -सफाई सुनिश्चित की जाए। वहीं 4 अप्रैल 2025 को समग्र शिक्षा अभियान की वार्षिक कार्ययोजना वर्ष 2025/26 की मीटिंग भारत सरकार नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में यू डाइस 2023/24 के अनुसार अक्रियाशील बालक एवं बालिका शौचालयों को क्रियाशील बनाये जाने के लिये इकाई लागत रूपये 20,000 (बीस हजार)रूपये के मान से शौचालय मरम्मत कराये जाने हेतु सैद्धांतिक सहमति दी गई है। जिस मद से शौचालय की टूटी हुई सीट के स्थान पर नई शीट लगाना। बालक यूरिनल और बालिका यूनिनल स्क्वाटिंग प्लेट क्रैक होने पर बदलना। दरवाजे एवं वेन्टीलेशन की मरम्मत करवाना एवं आवश्यकता के अनुसार नवीन दरवाजे एवं वेन्टीलेशन लगाना। फर्श मरम्मत के आवश्यकता अनुसार टाईल्स का बदलना , फ्लोरिंग का कार्य कराना। सीमेंट प्लास्टर खराब होने पर उनकी मरम्मत का कार्य। शौचालय में रनिंग बाटर हेतु सेनेटरी फिटिंग की आवश्यकता अनुसार सुधार करवाना अथवा उनकों बदलना। छत में सीपेज, पानी का रिसाव होने पर वाटर रूपिंग का कार्य करना। वाश वेसिन क्षतिग्रस्त होने पर नई वाश बेसिन लगाना इत्यादि कार्य। हैरत की बात तो यह है कि जिले में अधिकांश शासकीय विद्यालयों में प्रबंधन के द्वारा बीस हजार रूपए पूरे डकार लिये गए है। और शौचालय उसी खस्ताहाल मे है।



# देवतालाब विधायक भगवान भोलेनाथ की पूजन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की





**मऊगंज।** सावन के पवित्र माह के प्रथम दिन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं देवतालाब विधायक गिरीश गौतम ने देवतालाब स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजन उपरांत गिरीश गौतम ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को चेक वितरित किए। इस दौरान मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली, और पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह एवं भक्ति का माहौल बना रहा।विधायक गौतम ने कहा कि सावन भगवान शिव की उपासना का विशेष महीना है, और इस पावन अवसर पर देवतालाब जैसे तीर्थस्थल में भोलेनाथ के दर्शन करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास हेतु वे सदैव प्रतिबद्ध हैं।इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता, मंदिर समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**बिजनेस साइट**

# विजेताओं की लहर पर सवार हों: मोमेंटम इन्वेस्टिंग गाइड को समझे और पालन करें

**रीवा।** निवेशकों के बीच एक आम प्रवृत्ति उन शेयरों पर मुनाफा कमाने की होती है जिन्होंने व्यापक सूचकांक की तुलना में अच्छा-खासा रिटर्न दिया हो। यह अक्सर इस धारणा से प्रेरित होता है कि किसी तेज बेहतर प्रदर्शन के बाद, भविष्य में रिटर्न सीमित हो सकता है। परिणामस्वरूप, आय को कम प्रदर्शन करने वाले शेयरों में इस उम्मीद के साथ दोबारा से निवेशित किया जाता है कि ये पिछड़े शेयर अंततः अपने बेहतर प्रदर्शन करने वाले समकक्षों की बराबरी कर लेंगे ।

हालांकि, एक अधिक व्यवस्थित और संभावित रूप से लाभप्रद दृष्टिकोण में उन शेयरों में एलोकेशन बढ़ाना शामिल है जिन्होंने पहले ही बेहतर प्रदर्शन किया है, बशर्ते चयन विवेकपूर्ण तरीके से और अच्छी तरह से सोच-समझ कर किया जाए। इस रणनीति का मूल हाल के विजेताओं, जिन शेयरों ने उल्लेखनीय और निरंतर लाभ कमाया है, में निवेश बढ़ाना है, साथ ही, उन शेयरों में निवेश कम करना है जिन्होंने लगातार कम प्रदर्शन किया है। इसका तर्क इस सिद्धांत पर आधारित है कि प्रभावशाली ट्रेंड बना रहता है। हाल के विजेताओं के विजेता बने रहने की संभावना है, और मौजूदा ट्रेंड्स के जारी रहने की उम्मीद है।

टेक्निकल शब्दों में, इस दृष्टिकोण को मोमेंटम रणनीति कहा जाता है, जिसमें फंड मैनेजर नियमित रूप से उन शेयरों के पोर्टफोलियो वेटेज को बढ़ाते हैं जिन्होंने मजबूत और निरंतर प्रदर्शन दिखाया है। इस निवेश शैली का एक प्रमुख लाभ यह है कि यह प्राइस, ग्रोथ या गुणवत्ता जैसे पारंपरिक वर्गीकरणों से परे है। यह शैली- एगनोस्टिक है, और अंडरलाइंग लेबलों की परवाह किए बिना, सभी श्रेणियों में जो काम कर रहा है, उसकी ओर प्रभावी तौर पर कैपिटल को रीएलोकेट करता है ।

महत्वपूर्ण बात यह है कि मोमेंटम रणनीति की प्रभावशीलता केवल प्राइस वृद्धि तक ही सीमित नहीं है एक आम गलत धारणा । बल्कि, यह मजबूत मूल्य कार्रवाई और बेहतर होते बुनियादी सिद्धांतों, विशेष रूप से आय वृद्धि और ऊपर की ओर आय संशोधनों के संयोजन पर निर्भर करती है। तकनीकी मजबूती और फंडामेंटल सपोर्ट का यह मिक्स मोमेंटम को अधिक संस्टेनेबल बनाता है, क्योंकि रुझान धीरे-धीरे उलट जाते हैं जब तक कि किसी बड़े बाहरी झटके से बाधित न हो।

इस प्रकार, मौजूदा बाजार पसंदीदा शेयरों पर जो मूल्य और आय दोनों मोमेंटम द्वारा समर्थित है पर सोच-समझकर दांव लगाने से निरंतर बेहतर प्रदर्शन की संभावना अधिक होती है ।

मोमेंटम रणनीति को लागू करने के इच्छुक निवेशकों के लिए, प्रोफेशनल तौर पर प्रबंधित फंड एक सुविधाजनक और आसान सॉल्यूशन प्रदान करते हैं। ये फंड मोमेंटम स्टॉक्स की पहचान करने की प्रोसेस को आसान बनाते हैं । ऐसा काम जिसके लिए अक्सर टेक्निकल और फंडामेंटल एनालिसिस की आवश्यकता होती है। ये फंड विशेषज्ञता प्रदान करते हैं और प्रोसेस को आसान बनाते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एक्टिव मोमेंटम फंड में निवेश करने पर विचार करें, जो एक ओपन-एंडेड फंड है जो कमाई या प्राइस मोमेंटम के आधार पर शेयरों का चयन करता है। न्यू फंड ऑफर ( एनएफओ) की अवधि 8 जुलाई, 2025 से 22 जुलाई, 2025 तक निवेशकों के लिए खुला है ।



**आशीष कुमार**
नगरिया, म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रीवा